आदर्श प्रश्न पत्र—2019
कक्षा—12
तर्कशास्त्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(ii) प्रश्न संख्या—1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या—11 से 18 अति लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या—19 से 24 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनकी शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रश्न संख्या—25 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर 150 शब्दों में देना है।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1— विशेष नास्तिवाचक तर्कवाक्य है— 1

(i) A (ii) E

(iii) I (iv) O

2— A तर्कवाक्य का व्याघातक तर्कवाक्य है— 1

(i) A (ii) E

(iii) I (iv) O

3— न्याय वाक्य में आकृति का निर्धारण होता है— 1

(i) मुख्य पद से (ii) अमुख्य पद से

(iii) मध्यम पद से (iv) इनमें से कोई नहीं

4— वैध न्यायवाक्य के तीन पदों में से एक पद कम से कम एक बार अवश्य प्राप्त होना चाहिए, वह है— 1

(i) मुख्य पद (ii) अमुख्य पद

(iii) मध्यम पद (iv) इनमें से कोई नहीं

5– य > र है– 1

(i) हेतु हेतुपद (ii) वैकल्पिक

(iii) दोनों (iv) कोई नहीं

6– किसी वैज्ञानिक अनुसंधान में जो वस्तु स्थिति है, वह है– 1

(i) तथ्य (ii) प्राक्कल्पना

(iii) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं।

7– वैज्ञानिक आगमन की सहचार विधि के प्रणेता हैं– 1

(i) लाइबनिज (ii) वेकन

(iii) मिल (iv) इनमें से कोई नहीं।

8– किसी भी तथ्य कार्य और ज्ञान की प्राप्ति के प्रयासों को व्यवस्थित करने के लिये दिये गये निर्देश को कहते हैं– 1

(i) नियम (ii) व्याख्या

(iii) सिव्द्धान्त (iv) इनमें से कोई नहीं

9– वर्गीकरण होता है– 1

(i) आगमनात्मक (ii) निगमनात्मक

(iii) दोनों (iv) कोई नहीं

10– जब किसी युक्ति का आधार युक्ति में प्रतिपादित तथ्य को ही बना दिया जाय तो वह शिकार हो जाती है– 1

(i) काकतालीय दोष से (ii) आत्माश्रय दोष से

(iii) कारणविभ्रय दोष (iv) व्याख्यात्मक दोष

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11– संयोजक किसे कहते हैं? 3

12– अनुमान की परिभाषा दीजिए। 3

13– न्याय वाक्य किसे कहते हैं? 3

14– आकृति किसे कहते हैं? 3

15– सिद्धान्त किसे कहते हैं? 3

16– निरास की विधि क्या है? 3

17– उत्तम साम्यानुमान क्या है? 3

18– व्याख्या किसे कहते हैं? 3

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

19– प्रतिवर्तन क्या है? स्पष्ट कीजिए। 6

20– किसी युक्ति में दोनों आधार वाक्य अंशव्यापी क्यों नहीं हो सकते? 6

21– हेतुवाक्य निषेध दोष किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। 6

22– निर्णायक दृष्टांत पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 6

23– वैज्ञानिक वर्गीकरण एवं व्यावहारिक वर्गीकरण में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए। 6

24– अभावात्मक उपाधि विस्मरण दोष पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 6

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

25– मिश्र न्याय युक्ति किसे कहते हैं? इसके प्रकारों का उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। 10

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए— (5+5 = 10)

(i) फलवाक्य विधान दोष

(ii) हेतुवाक्य निषेध दोष

26— तथ्य एवं प्राक्कल्पना में भेद कीजिए तथा शुद्ध प्राक्कल्पना के शर्तों की स्पष्ट विवेचना कीजिए। 10

अथवा

वर्गीकरण से आप क्या समझते हैं? वर्गीकरण के नियमों पर प्रकाश डालते हुए इसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। 10

27— प्रचलित एवं वैज्ञानिक व्याख्या में अन्तर बताइए तथा वैज्ञानिक व्याख्या के विभिन्न रूपों को उचित उदाहरण देकर समझाइये। 10

अथवा

निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए— (5+5=10)

(i) काकतालीय दोष

(ii) आत्माश्रय दोष

———––